Affiliation By- Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज
फीरोजाबाद

रेंजर्स वार्षिक रिपोर्ट

सत्र 2019–2020

डॉ. फरहा तबस्सुम
प्रभारी एवं विभागाध्यक्षा
उर्दू विभाग

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

वार्षिक रिपोर्ट

रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉंच शिविर

सत्र 2019–20

1. महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद की लक्ष्मीबाई रेंजर्स टीम का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर दिनांक 14.11.2019 से 16.11.2019 तक महाविद्यालय परिसर में लगाया गया।

शिविर का आरम्भ दिनांक 14.11.2019 को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निर्मला यादव जी ने मॉ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर ध्वजारोहण से किया। प्रशिक्षण में श्री कोमल सिंह यादव, जिला संगठन कमिशनर (स्काउट) जनपद फिरोजाबाद उपस्थित थे। उन्होने प्रार्थना, झण्डागीत, प्रतिज्ञा, नियम, सैल्यूट, बायें हाथ का मिलाना, स्काउट चिन्ह, स्काउट/गाइड का प्रशिक्षण ध्वज शिष्टाचार आदि के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

शिविर के द्वितीय दिवस दिनांक 15.11.2019 को प्रशिक्षक श्री कोमल सिंह यादव जी ने प्राथमिक चिकित्सा, वयस्क का प्रशिक्षण, गॉठे बंधन, सीटी के संकेत, टोली की जानकारी, अनुमान लगाना, हाइकिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, कैम्प फायर तथा तम्बू निर्माण के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

तृतीय दिवस दिनांक 16.11.2019 को शिविर की शुरुआत प्रार्थना एवं झण्डागीत से कराई।

रेन्जर्स द्वारा तम्बू निर्माण, कुकिंग तथा कैम्प फायर की प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। तत्पश्चात दीक्षा संस्कार का कार्यक्रम व ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ। समापन के इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव, श्री कोमल सिंह यादव, रेंजर्स प्रभारी डॉ0 फरहा तबस्सुम, रेंजर्स प्रशिक्षिका चित्रांशी तौमर, निर्णायक मण्डल में डॉ0 अन्जू शर्मा, डॉ0 रत्ना सक्सैना, डॉ0 पूनम, डॉ0 राज्यश्री मिश्रा इसके अतिरिक्त शिवेन्द्र प्रताप सिंह, विनीता यादव एवं रामबाबू बघेल आदि उपस्थित रहे। डॉ0 फरहा तबस्सुम ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

2. गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रेंजर्स की छात्राओं ने घोषवादन किया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर रेन्जर्स की वह छात्राये जिन्होने घोष वादन किया था उन्हे शिक्षण संस्थान द्वारा एवं महाविद्यालय द्वारा भी पुरस्कृत किया गया। रेन्जर्स शिविर में तम्बू निर्माण प्रतियोगिता में इन्दिरा गॉधी टोली प्रथम स्थान पर रही थी। उस टोली की रेन्जर्स को भी वार्षिकोत्सव के अवसर पर मेडल एवं प्रमाण पत्र दिये गये।

F.Tabassum

(डॉ. फरहा तबस्सुम)
एसोसिएट प्रोफेसर
उर्दू विभाग/रेन्जर्स
प्रभारी